# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

(FORMERLY, MEERUT UNIVERSITY) | NAAC A++ ACCREDITED

## CHIEF WARDEN OFFICE

Dinesh Kumar, Ph.D. (Professor of Economics)
Chief Warden

Ref.No. CWO-406
Date: 14/8/2025

सेवा में ,
समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ
महोदया / महोदय ,

**विषय : छात्रावास आबंटन प्रक्रिया सत्र 2025-26 हेतु (स्नातक 'प्रथम वर्ष' के विद्यार्थियों हेतु )**

महोदय / महोदया ,

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सत्र 2025-26 से प्रथम वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों के लिए सम्बंधित छात्रावासों में सीट आवंटन की प्रक्रिया 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से "विभागीय प्रवेश मेरिट सूचकांक : 2025-26" के आधार पर की जानी प्रस्तावित है। छात्रावास आबंटन की इस प्रक्रिया को आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रति विभाग तैयार की गई सूचि के अनुसार ही संपन्न कराया जाना है। ( सूचि इसी पत्र की पृष्ठ संख्या 3 एवं 4 पर अंकित है )

अतः सभी विभागाध्यक्षों / निदेशकों / समन्वयकों से अनुरोध है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से "विभागीय प्रवेश मेरिट सूचकांक : 2025-26" के प्रवेश कन्फर्म होने के पश्चात , इस पत्र के पृष्ठ संख्या 3 एवं 4 पर अंकित सूचि के अनुसार , अपने विभाग हेतु स्वीकृत सीटो की संख्या के आधार पर छात्रों / छात्राओं की संख्या पूर्ण होते ही मुख्य छात्रावास कार्यालय को निम्न फॉर्मेट पर हार्ड कॉपी में एवं सॉफ्ट कॉपी में ईमेल : cwo.ccsu2022@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

विभाग का नाम ........................ पाठ्यक्रम का नाम .................. स्वीकृत सीटो की संख्या.................

| क्रम संख्या | विधार्थी का नाम | पिता का नाम | मोबाइल नंबर | पता | आवास से विश्वविद्यालय की दुरी ( आधार कार्ड के अनुसार) | विभागीय प्रवेश मेरिट सूचकांक-2025-26 | ओरिजिनल केटेगरी | एडमिशन केटेगरी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

नोट -छात्र एवं छात्रायों हेतु प्रथक-प्रथक सूचि प्रेषित की जाय।

इस सम्बन्ध में मुख्य दिशा-निर्देश निम्नलिखित है –

1. आपके विभाग में प्रवेश लेने वाले समस्त विधार्थियों को स्पष्ट रूप से जानकारी दे दी जाए कि सत्र 2025-26 हेतु प्रथम सत्र में छात्र / छात्राओं हेतु उपलब्ध सीटो की सीमितता के कारण विभागों हेतु स्वीकृत सीटों पर ही आबंटन किया जा सकेगा। इससे अधिक विधार्थियों को सीट आबंटन संभव नहीं हो सकेगा।

2. छात्रावास नियमावली के अनुसार छात्रावास प्रवेश हेतु विद्यार्थी के आवास से विश्वविद्यालय की दुरी 40 किलोमीटर के अधिक होना अनिवार्य है I (आधार कार्ड पर अंकित पते के अनुसार)

3. उक्त बिंदु-2 की पूर्णता पर ही , सभी विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि विभागीय प्रवेश कन्फर्म होने के पश्चात "विभागीय प्रवेश मेरिट सूचकांक: 2025-26" के आधार पर समर्थ पोर्टल पर विभागीय 'सीमा के अंतर्गत' छात्रावास लेने के इच्छुक विधार्थी ही छात्रावास हेतु आवेदन कर सकें I

4. उक्तानुसार प्रेषित सभी विधार्थियों के छात्रावास फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया मुख्य छात्रावास कार्यालय स्तर पर संपन्न करायी जायेगी I जिसकी हार्ड कॉपी (सभी अभिलेखों सहित) सम्बंधित विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक द्वारा विभागीय कार्यालय स्तर पर जांचोपरांत संस्तुत किये जाने के उपरांत ही सीट आबंटन हेतु सम्बंधित छात्रावास अधीक्षक को प्रेषित की जाए I

5. छात्रावास में विभागवार सीटों का आबंटन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ई डब्लू एस और अनारक्षित श्रेणियों के लिए निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन करते हुए किया गया है परन्तु यदि "विभागीय प्रवेश मेरिट सूचकांक : 2025-26" के अनुसार "किसी श्रेणी की सीट पर कोई 'छात्रावास हेतु उपयुक्त' विधार्थी उपलब्ध न हो", तो उस सीट पर अन्य श्रेणी (प्रवेश नियमावली के अनुसार ) के विधार्थी , जो की छात्रावास हेतु उपुक्त हो , को संस्तुत किया जा सकता है परन्तु इसके लिए विभागीय समिति / विभागीय प्रवेश समिति की स्वीकृति आवश्य प्राप्त कर ली जाय I स्वीकृति मिलने के उपरांत ही , संबंधित विभाग अपनी मेरिट सूची में से अगला पात्र विधार्थी चयन कर , मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय को सूचीबद्ध कर प्रेषित करें I

6. इस सन्दर्भ में यह भी सूच्य है कि यदि अनारक्षित श्रेणी की सूचि में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के विधार्थी अपना स्थान पा लेते है तो छात्रावास आबंटन प्रक्रिया में उन्हें अनारक्षित श्रेणी में ही सम्मिलित किया जाय I

7. ऐसे विधार्थी जिनका विभागीय प्रवेश 'शारीरिक रूप से विकलांग' कोटे के अंतर्गत हुआ है , उनके लिए कुल 3 सीट पुरुष एवं कुल 3 सीट महिला विधार्थियों हेतु अलग से आरक्षित है I

8. यदि किसी विभाग / कोर्स में स्वीकृत सीटो से कम विधार्थी उपलब्ध होते है तो इसको प्रेषित सूचि में स्पष्ट रूप से अंकित कर दिया जाय I जिससे उन रिक्त सीटो पर मुख्य छात्रावास अधीक्षक / छात्रावास प्रशासन स्तर पर उचित निर्णय लिया जा सके I

## सत्र 2025-26 में प्रवेषित स्नातक छात्रों एवं छात्राओं हेतु छात्रावासों में सीटों की स्वीकृत संख्या

| Sr. No. | Programme | FEMALE STUDENTS | | | | | | MALE STUDENTS | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | EWS | OBC | SC | ST | UR | Total Female Students | EWS | OBC | SC | ST | UR | Total Male Students |
| 1 | B.B.A (HA) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 5 |
| 2 | B.Com. (H) | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 4 | 1 | 2 | 2 | 0 | 3 | 8 |
| 3 | B.L.I.Sc. | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | B.Pharma | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 0 | 3 | 8 |
| 5 | B.tech. AG | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 0 | 4 | 10 |
| 6 | B.tech. CE | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 | 4 | 10 |
| 7 | B.tech. CS | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 1 | 3 | 2 | 0 | 4 | 10 |
| 8 | B.tech. ECE | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 3 | 2 | 0 | 4 | 10 |
| 9 | B.tech. EI | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 0 | 4 | 10 |
| 10 | B.tech. IT | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 2 | 3 | 0 | 4 | 10 |
| 11 | B.tech. ME | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 0 | 4 | 10 |
| 12 | B.A. LLB | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 4 | 1 | 2 | 1 | 0 | 2 | 6 |
| 13 | BA.J.M.C (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 14 | BBA | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 3 | 6 |
| 15 | BPED | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 5 |
| 16 | Bachelor of Fine Arts | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 17 | Bachelor of Physical Education | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 2 | 1 | 2 | 5 |
| 18 | Bachelor of (B.Voc.) in Jewellery Design | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 4 |
| 19 | Bachelor of Fashion Design | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 20 | Biotechnology B.Sc (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 21 | Botany B.Sc (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 22 | Chemistry B.Sc (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 5 |
| 23 | Computer Science B.Sc (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 24 | Economics BA (H) | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 25 | English BA (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 5 |
| 26 | Geography BA (H) | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 5 |
| 27 | Hindi BA (H) | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 4 |
| 28 | History BA (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 5 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Home Science (CND) | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 30 | Home Science BSC | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 31 | Maths B.Sc (H) | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 32 | Microbiology B.Sc (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 33 | Physics B.Sc (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| 34 | Political Science BA (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 5 |
| 35 | Psychology BA (H) | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 5 |
| 36 | Sanskrit BA (H) | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 37 | Sociology BA (H) | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 5 |
| 38 | Statistics B.Sc (H) | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 5 |
| 39 | Urdu BA (H) | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 40 | Yoga Science BA (H) | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 5 |
| 41 | Zoology B.Sc (H) | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |
| | Total | 13 | 25 | 18 | 2 | 52 | 110 (Female) + 3 Seat for PH Students Total= 113 | 20 | 65 | 52 | 4 | 81 | 222 (Male + 3 Seat PH Students Total = 2 |

**Note:The hostel allocation for PG Students shall be shared separately.**

उक्त के सन्दर्भ में यदि आपको अथवा आपके विभागीय कार्यालय को छात्रावास आवंटन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी अथवा सूचना की आवश्यकता हो, तो कृपया मुख्य छात्रावास अधीक्षक की ईमेल : cwo.ccsu2022@gmail.com पर संपर्क कर सकते है I

धन्यवाद् ,

भवदीय

प्रतिलिपि : 1. सचिव कुलपति , माननीया कुलपति जी को सूचनार्थ I
2. सचिव प्रति कुलपति , प्रति कुलपति जी को सूचनार्थ I
3. कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ I
4. वित्त नियंत्रक महोदय , सूचनार्थ I
5 . अधिष्ठाता छात्र कल्याण महोदय को सूचनार्थ I
6. कुलानुशासक एवं सुरक्षा अधिकारी महोदय को सूचनार्थ I
7. समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / विश्वविद्यालय अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित I
8. समस्त छात्रावास अधीक्षकों एवं सहायक अधीक्षिकाओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित I
9. वेबसाइट प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषति I

भवदीय